स्विट्जरलैंड में फिल्म फेस्टिवल में दिखेगी मधेपुरा में फिल्मायी 'द साउंड ऑफ फ्रेंडशिप'

कोरोना से पूर्व मधेपुरा में हुई थी फिल्म की शूटिंग

चंदन, मधेपुरा

स्विट्जरलैंड की राजधानी बर्न में 11-15 जनवरी 2023 को आयोजित नोरिएंट फेस्टिवल में "शीतयुद्ध" के दिनों रेडियो बर्लिन व जर्मन डेमोक्रेटिक रिपब्लिक के साथ हमारे संबंधों पर बनी फिल्म - द साउंड ऑफ फ्रेंडशिपः वार्म वेवलेंथ इन ए कोल्ड, कोल्ड वॉर 14 जनवरी को कीनोरेक्स सिनेमाघर में दिखलायी जायेगी. इस सिनेमा का निर्देशन आनंदिता वाजपेयी ने किया है. यह जानकारी फिल्म के मुख्य किरदार कवि अरविंद श्रीवास्तव ने दी. उन्होंने बताया कि फिल्म का महत्वपूर्ण स्क्रीनिंग जो जर्मनी की राजधानी बर्लिन में होगा. उसके लिए आमंत्रण सहित पांच वर्षों का शेंगेन वीजा दिया गया है. वे जनवरी के अंतिम व फरवरी के प्रथम सप्ताह जर्मनी में आयोजित कई आयोजनों में बतौर अतिथि शामिल रहेंगे.



मधेपुरा में शूटिंग के दौरान निर्देशक के साथ अरविंद श्रीवास्तव.

भारत-जर्मन जनवादी गणतंत्र की मित्रता पर आधारित है फिल्म : यह फिल्म अस्सी के दशक में अरविंद श्रीवास्तव द्वारा रेडियो बर्लिन इंटरनेशनल व भारत-जर्मन जनवादी गणतंत्र की मित्रता पर को दिये गये योगदान पर आधारित है. स्मरणीय रहे कि रेडियो बर्लिन इंटरनेशनल के डीएक्स विभाग द्वारा अरविंद श्रीवास्तव को एच- 2000 का महत्वपूर्ण सम्मान दिया गया था, जो दुनिया के गिने चुने डीएक्सरों को मिल पाया था. फिल्म में उनके छात्र जीवन की गतिविधियों को भी प्रकाश में लाया गया है.

पेरिस प्ले फिल्म फेस्टिवल में मिला था अवार्ड : इसी वर्ष 2022 के "पेरिस प्ले फिल्म फेस्टिवल" में इस फिल्म को सर्वश्रेष्ठ वृतचित्र, लांग फार्म का अवॉर्ड मिला. यह भी ज्ञातव्य रहे कि फिल्म की पहली स्क्रीनिंग बर्लिन स्थित प्रसारण भवन "फुंकहाउस" में पिछले वर्ष 19 अक्तूबर को हुई थी, जिसमें जर्मनी सहित अनेक देशों के मीडिया, साहित्य व सांस्कृतिक क्षेत्र जुड़े दर्शकों की भागीदारी रही थी. इस फिल्म की अधिकांश शूटिंग मधेपुरा स्थित "कला कुटीर परिसर" में कोरोना पूर्व की गयी थी. शेष बर्लिन में, संपादन का कुछ कार्य ऑस्ट्रिया व बेल्जियम में किया गया था.

इनलोगों की भूमिका है सराहनीय

अनांदिता वाजपेयी के निर्देशन में बनी इस फिल्म का गीत और संगीत नीतीन सिन्हा और रियाजुल हक ने दिया है. फिल्म की कहानी ज्योतिदास केवी ने लिखी है.